सं.42011/8/2005-ओएंडएम

भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

उद्योग भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 21 नवंबर, 2008

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आवेदन की पावती।

मंत्रालय के पूर्ववर्ती का.ज्ञा. संख्या 42011/20/2005-ओएंडएम दिनांक 04.05.2006 का अधिक्रमण करते हुए अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि आवेदन के चरण पर नागरिकों को परेशानी से बचाने के लिए कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने यह सुझाव दिया है कि आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदन और शुल्क स्वीकार करने के लिए एक एकल खिड़की सुविधा की व्यवस्था की जानी चाहिए। यह सुविधा रिसेप्शन काउंटर अथवा सूचना सुविधा काउंटर पर अधिमानी रूप से सुरक्षा पास व्यवस्था के बाहर उपलब्ध होनी चाहिए।

2. उपर्युक्त सुझाव के मद्देनजर सूचना के अधिकार के अधिनियम के अंतर्गत आवेदन शुल्क के साथ आवेदन वस्त्र मंत्रालय के सूचना और सुविधा काउंटर पर प्राप्त किया जाएगा जिसका पता निम्नलिखित है:

सूचना और सुविधा केंद्र
वस्त्र मंत्रालय
बेसमेंट
गेट नम्बर 19
उद्योग भवन
नई दिल्ली - 110011

3. काउंटर पर प्राप्त आवेदन और आवेदन शुल्क संबंधित सीपीआईओ को अग्रेषित किया जाएगा और इसकी सूचना आवेदक को दी जाएगी।

हस्ता./

(मुक्ता निधि समनोत्रा)

निदेशक

दूरभाष सं. 23063310

सेवा में,

मूल पाठ के अनुसार